JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2023/01/387–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 20.01.2023

जयपुर मेट्रो ने बढ़ाया संचालन समय व फेरें
(नई व्यवस्था दिनांक 21.01.2023 से 20.03.2023 तक)।

जयपुर 20 जनवरी। जयपुर मेट्रो प्रशासन ने मेट्रो यात्रियों की यात्रा को सुगम बनाने हेतु दिनांक **21 जनवरी 2023** से **20 मार्च 2023** तक अपनी यात्री सेवा का पुनः विस्तार करते हुए समय में वृद्धि के साथ–साथ फेरे बढाये है।

जयपुर मेट्रो की इस नई समय सारणी से दोनो दिशाओं में पहली मेट्रो ट्रेन प्रातः 06:20 के स्थान पर प्रातः 05:20 तथा अन्तिम मेट्रो रात्रि 09:20 के स्थान पर रात्रि 10:20 बजे तक संचालित होगी। इस प्रकार कुल 190 मेट्रो ट्रेनें प्रतिदिन यात्री सेवा के लिए उपलब्ध होगी।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जयपुर मेट्रो श्री पी.रमेश ने बताया कि मेट्रो यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यात्री सेवा के संचालन समय में वृद्धि की है, जयपुरवासी इस सेवा विस्तार का भरपूर लाभ ले सकेगें।

निदेशक (परिचालन व प्रणाली)